1067. निम्न में से कौन-सा युग्म असंगत है?
(a) वशिष्ठ जी का मंदिर-सिरोही
(b) लक्ष्मीनारायण का मंदिर-अलवर
(c) समिधेश्वर मंदिर-चित्तौड़
(d) रमा वैकुण्ठनाथ मंदिर-पुष्कर

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (b) – राजस्थान में लक्ष्मीनाराण मंदिर बीकानेर में स्थित है। अन्य सभी विकल्प सुमेलित हैं। राजस्थान के अन्य प्रमुख मंदिरों में- विमलशाही जैन मंदिर-माउंट आबू, सास-बहू का मंदिर-उदयपुर, दिगम्बर जैन मंदिर-अलवर, ब्रह्मा मंदिर-पुष्कर (अजमेर),चामुण्ड देवी मंदिर-जोधपुर किला (जोधपुर) आदि हैं।

1068. कौन सा युग्म असंगत है?
(a) आर्थूणा मंदिर-बाड़मेर
(b) हर्षत माता मंदिर-आभानेरी दौसा
(c) विभीषण मंदिर-कैथून, कोटा
(d) हर्षनाथ मंदिर-सीकर

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (a) – आर्थूणा मंदिर राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में स्थित एक मंदिर है। यह 11वीं, 12वीं और 15वीं शताब्दी के हिंदू और जैन मंदिरों के लिए जाना जाता है। आर्थूणा के मंदिरों में शैव, वैष्णव, जैन आदि सम्प्रदायों का समन्वय मिलता है। यहाँ का प्राचीन मण्डलेश्वर शिवालय सर्वाधिक प्रसिद्ध मंदिर है।

1069. निम्न में से कौन-सा जोड़ा गलत है?
(a) एकलिंगजी मंदिर- उदयपुर
(b) करणी माता मंदिर-देशनोक
(c) सूर्य मंदिर-भरतपुर
(d) मीराबाई मंदिर-चित्तौड़गढ़ मेड़ता

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (c) – राजस्थान में सूर्य मंदिर रणकपुर, झालरापाटन, बाड़मेर, जयपुर,उदयपुर, लोहार्गल, ओसियां तथा कोटा में स्थित है। अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

1070. कौन सा कूट सुमेलित नहीं है-

	मन्दिर	स्थान
(a)	श्रीनाथ जी	नाथद्वारा
(b)	द्वारिकाधीश जी	कांकरौली
(c)	मथुरेश जी	जोधपुर
(d)	गोविन्द देव जी	जयपुर

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (c) – मथुरेश जी का मन्दिर राजस्थान के कोटा जिले के पाटनपोल में है। यह भगवान कृष्ण का मन्दिर है।

1071. निम्नलिखित में से सुमेलित (मन्दिर-स्थान) नहीं है-
(a) सिरे मंदिर-जालौर
(b) त्रिपुरा सुन्दरी माता मंदिर-तिलवाड़ा (बाड़मेर)
(c) सुंधा माता मंदिर-भीनमाल (जालौर)
(d) विभीषण का मंदिर-कैथून (कोटा)

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (b) – सही सुमेलित है।

	मंदिर		स्थान
(i)	सिरे मंदिर	-	जालौर
(ii)	त्रिपुरा सुन्दरी माता मंदिर	-	तलवाड़ा (बांसवाड़ा)
(iii)	सुंधा माता मंदिर	-	भीनमाल (जालौर)
(iv)	विभीषण का मंदिर	-	कैथून (कोटा)

1072. सुमेलित कीजिए :

	मंदिर		जिला
i.	कामेश्वर महादेव	a.	अलवर
ii.	शीतलेश्वर	b.	जोधपुर
iii.	पीपला माता	c.	झालावाड़
iv.	नीलकंठ	d.	पाली

सही कूट का चयन कीजिए :

	i	ii	iii	iv
(a)	a	c	d	b
(b)	d	c	b	a
(c)	d	b	c	a
(d)	a	b	c	d

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- सही सुमेल निम्न है–

	मंदिर		जिला
i.	कामेश्वर महादेव	a.	पाली (आउवा)
ii.	शीतलेश्वर	b.	झालावाड़
iii.	पीपला माता	c.	जोधपुर
iv.	नीलकंठ	d.	अलवर

1073. 'उखा मस्जिद' कहाँ स्थित है?
(a) गलियाकोट (b) सलूम्बर
(c) सांभर (d) बयाना

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (d) : उखा मस्जिद बयाना (भरतपुर) में स्थित है, मस्जिद का निर्माण इल्तुतमिश ने करवाया था। बयाना को बाणासुर नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

1074. मजार–ए–फखरी निम्न में से किस जिले में स्थित है?
(a) जयपुर (b) बीकानेर
(c) डूंगरपुर (d) सवाई माधोपुर

I.A. 2018
सूचना सहायक भर्ती परीक्षा- 12/06/2018

Ans. (c) : मजार–ए–फखरी डूंगरपुर जिले में स्थित है। यह माही नदी के किनारे स्थित है। यहाँ पर फकीर सैय्यद फखरूद्दीन की मजार है। यह शिया सम्प्रदाय के बोहरा मुसलमानों का धार्मिक स्थान है। यहाँ प्रतिवर्ष मेले का आयोजन होता है।

1075. अढ़ाई दिन का झोपड़ा मूलतः था-
(a) मस्जिद (b) संस्कृत कॉलेज
(c) दरगाह (d) राज प्रासाद

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) : अढ़ाई दिन का झोपड़ा मूलतः एक संस्कृत कालेज (पाठशाला) था, जिसका निर्माण बीसलदेव (विग्रहराज चतुर्थ) ने करवाया था। कुतुबुद्दीन ऐबक ने इस पाठशाला को तुड़वाकर इसके ऊपर ढ़ाई दिन का झोपड़ा नामक मजिस्द का निर्माण करवाया।

1076. 'अतारकीन का दरवाजा' स्थित है-
(a) अजमेर (b) गागरौन
(c) फतेहपुर शेखावटी (d) नागौर

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (d) – अतारकीन का दरवाजा इल्तुतमिश द्वारा ख्वाजा हमीदुद्दीन नागौरी की याद में नागौर/जोधपुर में निर्मित कराया गया था। यही दरवाजा अकबर के बुलंद दरवाजा का प्रेरणास्रोत बना।

1077. राजस्थान में 'जरीना का मकबरा' स्थित है-
(a) अजमेर (b) भीलवाड़ा
(c) नागौर (d) धौलपुर

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016